तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 बेजुबान पशु पक्षियों के लिए वितरित किए पानी के पात्र



## खबर संक्षेप

### 1 जून तक एग्जिट पोल प्रसारण पर प्रतिबंध

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में 9 उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून की शाम 6:30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में घर से बाहर जाकर ऑफिस वर्क करने वाले, खेती कार्य मे लगे आमजन तथा बाजार में खरीददारी आदि कार्य करने वाले व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थो का सेवन नहीं कर पाते हैं। इस कारण वे निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं, जिसका समय पर उपचार ना मिलने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो जाती है।

## चोटिया-मनेंद्रगढ़ मार्ग में गजराज की धमक...



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के कोरबी बीट में गजराज की धमक है। बुधवार को हाथियों का झुण्ड चोटिया-मनेंद्रगढ़ मार्ग को पार कर चोटिया माइंस कैंप एरिया में जा रहा था जिसे वनरक्षक भेषज कुमार पटेल ने अपने कैमरे में कैद किया है।

### हर साल पानी की तलाश में जंगल से गांव आते हैं चीतल, बनते हैं आवारा कुत्तों का शिकार

# विभाग नहीं ले रहा वन्यजीवों की सुध, उजड़ रहा हिरणों का कुनबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल के हसदेव नदी के किनारे घना जंगल है। जहां कई दशकों से चीतल हिरण जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है। इन वन्य प्राणियों को यह इलाका बहुत रास आता है जिसके चलते वे इसी इलाके में रहना पसंद करते हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि वन विभाग इन बेजुबान वन प्राणियों की सुध नहीं ले रहा है। जिससे इस वर्ष अब तक तीन चीतलों की मौत हो चुकी है। हर साल इनकी सुध लेने व इन्हें बेहतर रहवास देने के नाम पर महज ढिंढोरा ही पीटा जाता है। यदि यही हाल रहा तो आने वाले वर्षों में इन बेजुबानों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित तौर पर इन वन्य प्राणियों का कुनबा इस इलाके से समाप्त हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले करतला वन परिक्षेत्र के मड़वारानी व उसके आसपास का पूरा इलाका जो हसदेव नदी के तट से गुजरता है यह इलाका पूरा हरा भरा है और हसदेव नदी की तट होने की वजह से चीतल हिरण जैसे वन्य प्राणियों के लिए यह इलाका बेहतर रहवास माना जाता है। पिछले कई दशकों से यह इलाका ही इन वन्य प्राणियों के लिए सबसे सुरक्षित इलाका है क्योंकि इन्हें इस क्षेत्र में खाने-पीने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध है लेकिन दुर्भाग्य है कि पिछले कुछ वर्षों से हर साल फरवरी से जून तक के महीने में आधा दर्जन से अधिक इन बेजुबानों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इस साल फरवरी से 15 अप्रैल की स्थिति में तीन चीतलों की मड़वारानी जंगल में कुत्ते के हमले या फिर अन्य वजह से मौत हो चुकी है लेकिन वन विभाग इन वन्य प्राणियों की सुध लेने की दिशा पर



कुत्तों के हमले से मृत चीतल। (फाइल फोटो)

### पानी की तलाश में पहुंचते हैं रिहायशी क्षेत्र

मड़वारानी व उसके आसपास फरवरी के महीने से ही जंगल में पानी के स्रोत सूख जाते हैं जहां पानी की तलाश में ये बेजुबान रिहायशी क्षेत्र पहुंचते हैं और ज्यादातर चीतल या हिरण पर कुत्तों का हमला होता है और उनकी मौत हो जाती है। करतला वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान पिछले 2 सालों से इन वन्य प्राणियों के लिए जंगल में पानी व रहवास बेहतर हो सके इस दिशा पर प्रयास करने की बात तो कहते हैं लेकिन नतीजा सिफर ही नजर आता है। गर्मी के शुरुआती दौर में ही इस साल तीन चीतल काल के गाल में समा चुके हैं।

### हर साल होते हैं करोड़ों रुपए खर्च

कोरबा के जंगल में बसने वाले वन्य प्राणियों को उनके इलाके में बेहतर रहवास मिल सके इसके लिए वन विभाग द्वारा हर साल भारी भरकम खर्च करती है लेकिन करतला रेंज के मड़वारानी के आसपास का पूरा इलाका चीतल हिरण एवं अन्य वन्य प्राणियों के लिए बेहतर रहवास है लेकिन इसके बाद भी वन विभाग द्वारा ना ही इन वन्य प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है और ना ही उनकी जान बचाने की दिशा पर कोई पहल की जा रही है। यदि इन्हें बचाने के लिए पहले ही तैयारी की जाती तो निश्चित तौर पर ऐसी मौतें लगातार नहीं होती।

### कब कहां हुई मौत

**केस 1** 24 फरवरी की सुबह करतला रेंज के मड़वारानी बीट में एक हिरण की मौत हुई थी। जो इस सीजन की सबसे पहली घटना थी। इस मौत के बाद भी विभाग के जिम्मेदार रेंज अफसर व बीट गार्ड द्वारा कोई पहल नही की गई।

**केस 2** 7 मार्च की देर शाम करतला रेंज के अंतर्गत आने वाले मड़वारानी जंगल के आसपास एक हिरण की मौत हुई थी। जिसमें कुत्तों ने उसे दौड़ाने का प्रयास किया था और गड्ढे में गिरने की वजह से उसकी मौत हुई थी।

**केस 3** 13 अप्रैल को मड़वारानी में ही कुत्तों के हमले से एक चीतल की मौत हुई थी। बताया जाता है कि इस क्षेत्र के कुत्ते शिकारी किस्म के हैं जो इन चीतलों को देखते ही उन पर टूट पड़ते हैं।

### स्वीकृति मिलते ही शुरु होगा काम

मड़वारानी के जंगल में चीतल व अन्य वन्य प्राणियों को पानी आसानी से मिल सके इसके लिए प्रोजेक्ट बनाकर भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही इस दिशा पर जल्द काम शुरु किया जाएगा। फिलहाल वन अमले की टीम और वन्य प्राणियों की मौत ना हो इस दिशा पर प्रयास कर रहा है।

**अरविन्द पीएम,** वनमंडलाधिकारी कोरबा

# मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति में सरोज आज दाखिल करेंगी नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में सुबह 12 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगी। रामजानकी मंदिर से पूजा अर्चना के बाद भाजपा प्रत्याशी का काफिला कलेक्ट्रेट की ओर रवाना होगा। इस दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सहित बड़े दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे।भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय सुबह 11:30 बजे बुधवारी स्थित रामजानकी मंदिर में पूजा दर्शन करने के बाद शहर के ओपन थियेटर घंटाघर में जनता के एकत्रीकरण के पश्चात जनसभा को संबोधित करेंगी। बीजेपी प्रत्याशी की महारैली में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कर्मा नृत्य व उड़ीसा से 40 सदस्यीय दलदलीय वाद्ययंत्र की सांस्कृतिक टोली सहित चार रथ, ध्वनि वाहक यंत्र के अलावा सभी समाज के प्रमुख शामिल होंगे। रैली शहर के घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक विजय शंखनाद नामांकन रैली में कोरबा लोकसभा के आठों विधानसभा से आए भाजपा कार्यकर्ता व आमजन शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने भी सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए हैं।



सरोज पांडेय

**खास बात**

- विजय शंखनाद महारैली में करेंगी वोट की अपील, मौजूद रहेंगे दिग्गज नेता

### दिग्गज रहेंगे उपस्थित

सरोज पांडेय की नामांकन रैली में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, अनुज शर्मा, रेणुका सिंह, भैयालाल राजवाड़े, प्रणव मरपच्ची, प्रदेश मंत्री विकास महतो, कोरबा लोकसभा के चारों जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केशरवानी, कन्हैया सिंह राठौर समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर हुआ आयोजन

**कोरबा।** जैन बहू मण्डल के द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रम चल रहे है, जिसने दूसरे दिन ट्रेड फेयर का आयोजन जैन भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है। इस ट्रेड फेयर में उन महिलाओं को को प्रमुखता दी जा रही है, जो घर से ही स्वरोजगार करती है। इस ट्रेडफेयर का उद्देश्य उन सभी महिलाओं को एक नई पहचान देना है।

# बिजली नहीं पहुंचने दे रही है हत्यारों के गिरेबान तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 18 वर्षीय युवती की दो दिनों पूर्व सतरेंगा डूबान में लाश मिली थी। अब तक युवती की पहचान करवाई नहीं हो पाई है। जिससे पुलिस की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस इस मामले को सुलझाने के लिए क्षेत्र में लगे दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी फुटेज तो खंगाल रही है लेकिन लगातार बिजली गुल होने की वजह से अब पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई है क्योंकि सीसीटीवी कैमरा में लाइन बंद होने से फूटेज रिकार्ड ही नहीं हुआ है। ऐसे में अब पुलिस के लिए युवती की पहचान कार्रवाई सबसे पहले जरूरी हो गई है।

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र लेमरु थाना क्षेत्र की है। जहां क्षेत्र के सतरेंगा डूबान के अंतर्गत आने वाले खैरभवना डूबान में एक 18 वर्षीय युवती की दो दिनों पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस युवती की पहचान की कार्यवाही में जुटी हुई है। 2 दिन बाद भी युवती की पहचान नहीं हो पाई है और उसके शव को जिला अस्पताल के मर्च्युरी में रखा गया है। पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है और बालको से लेकर सतरेंगा और गढ़ तक लगे दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगालने में लगी हुई है और आधे से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज खंगाल भी चुकी है। ज्यादातर समय में इस इलाके में बिजली बंद होने की वजह से सीसीटीवी फुटेज बंद पाया गया है और फूटेज कैमरे में कैद नहीं हुआ जिससे पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई है।

# एनीकट में नहाते समय गहरे पानी में चला गया किशोर, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वेश्वर एनीकट में दोस्तों के साथ नहाते समय एक युवक गहरे पानी में चला गया। सूचना मिलने पर पहुंचे कुछ लोगों ने उसे गंभीर देख एनीकट से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे अपोलो रेफर कर दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉपरेटिव बैंक रोड में शमशुद्दीन हुसैन निवास करता है। उसका पुत्र मुनीर हुसैन अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए हसदेव नदी पर बने सर्वेश्वर एनीकट की ओर गया था। जहां उसके सभी दोस्त नहाने के लिए चले गए। उन्हे नहाते देख मुनीर भी पानी में उतर गया। वह गहरे पानी मे पहुंचते ही डूबने लगा। उस पर नजर पड़ते ही कुछ दोस्त भाग निकले लेकिन एक दोस्त ने किसी तरह हिम्मत जुटाई। वह मुनीर को खींचते हुए एनीकट के किनारे तक ले आया। तब तक मुनीर की हालत बिगड़ चुकी थी। तभी कुछ लोगों द्वारा युवक को एनीकट से बाहर निकाला गया। साथ ही उसके परिजनों को घटना से अवगत कराते हुए अस्पताल पहुंचा दिया। निजी अस्पताल में घंटों चले इलाज के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसे परिजनों ने बिलासपुर के अपोलो चिकित्सालय में दाखिल कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# चक्काजाम के मामले में चार दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको रिंग रोड पर सड़क हादसे के बाद 24 घंटे तक चक्काजाम करने के मामले में पुलिस ने 4 दर्जन से अधिक असामाजिक तत्वों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बालकोनगर के रिंग रोड पर परसाभाठा के पास शनिवार की शाम ट्रेलर ने ऑटो को ठोकर मार दी थी। घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए थे। जिसके बाद लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। उक्त मामले में अब वाहन चालक नोनबिर्रा निवासी निलाम्बर सिंह राठिया की रिपोर्ट पर बालको पुलिस ने 40-50 असामाजिक तत्वों के खिलाफ केस दर्ज किया है। निलाम्बर सिंह ने रिपोर्ट लिखाई है कि एक्सीडेंट की घटना को मुद्दा बनाकर चक्काजाम कर रास्ता बंद कर आवागमन 24 घंटे से भी ज्यादा समय तक अवरूद्ध किया गया था। बालको टीआई अभिनवकांत सिंह ने बताया कि चक्काजाम कर रास्ता रोकने और बलवा करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। आगे सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर अन्य धारा भी जुड़ सकती है। अपराध दर्ज होने के बाद चक्काजाम करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है पुलिस अब इस मामले में सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है।

**खास बात**

- बालको रिंग रोड पर हुआ था हादसा, आटो चालक की हो गई थी मौत



फाइल फोटो

### शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन, मामला दर्ज

घटना के बाद ऑटो चालक के शव को सड़क मे रखकर प्रदर्शन किया गया था। घंटों प्रशासन और पुलिस के अफसर ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश दी जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ था। इस मामले मे बालको पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शव को सड़क पर रखकर अपमान करने का धारा 297, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी, जिसके बाद सभी आरोपियों को नामजद किया जाएगा।

### पेयजल के लिए जल जीवन मिशन योजना नहीं है कारगर

# ऐतमानगर प्रोजेक्ट पर निर्भर है एसईसीएल से प्रभावित ग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल से प्रभावित ग्रामों की प्यास बुझाने के लिए केंद्र सरकार की चल रही जल जीवन मिशन योजना कारगर सिद्ध नहीं हो रही है। अब इन प्रभावित ग्रामों की प्यास बुझाने ऐतमानगर प्रोजेक्ट से पानी दिया जाएगा जो अब तक मूर्तरुप नहीं ले सका है और जब तक ऐतमानगर प्रोजेक्ट पूर्ण अस्तित्व में नहीं आ जाएगा तब तक एसईसीएल के खदानों से प्रभावित ग्रामों की प्यास बुझाना एक कठिन काम होगा।

केंद्र सरकार की घर घर पानी पहुंचाने वाली जल जीवन मिशन योजना जिले के ग्रामीण अंचलों में भले ही कुछ स्तर पर सफल हो रही हो किंतु एसईसीएल के खदानों से प्रभावित ग्रामों में इस योजना से पानी पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। खदान प्रभावित ग्रामों का जल स्तर लगातार नीचे गिरने के कारण यहां बनाई जा रही है। टंकियों को पानी से भरना अब कठिन हो गया है। इस मामले को लेकर पीएचई विभाग ने अपने स्तर पर प्रयास किया गया लेकिन उसकी योजनाएं धरी की धरी रह गई है। जल स्तर नीचे जाने से एसईसीएल प्रभावित ग्रामों में जल जीवन मिशन के टंकियां पानी की बूंद के लिए तरस रही है ऐसे में प्रभावित ग्रामों में जल जीवन से पानी पहुंचाने के लिए बड़ी राशि खर्च करना सफेद हाथी साबित हो रहा है। एक बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद अगर खदान प्रभावित ग्रामों में जल जीवन मिशन का पानी ग्रामीणों का न मिले तो यह योजना ग्रामीणों के लिए एक द्विस्वप्न साबित हो रही है। ऐसे में पीएचई विभाग का ऐतमानगर प्रोजेक्ट ही एक सहारा है। जिससे प्रभावित ग्रामीणों को प्यास बुझाई जा सके और यह प्रोजेक्ट अभी कागजी कार्यवाही तक ही सीमित है।



फाइल फोटो

### ये है ऐतमानगर प्रोजेक्ट

बांगो बांध से पानी लाकर 165 ग्रामों में पानी पहुंचाया जाएगा। इसके लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने के साथ वाटर हैंक टैंक बनाने का काम किया जाएगा और इन वाटर हैंक टैंक से गांव गांव पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा और घरों में कनेक्शन दिए जाएंगे। इसी प्रोजेक्ट के माध्यम से एसईसीएल के खदान प्रभावित ग्राम हरदीबाजार, रलिया, रेंकी, ढेलवाडीह, सुमेंधा, बांकी, जवाली आदि ग्रामों में पानी पहुंचेगा।



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style



# यामी
## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम



पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।

### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।

### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियादिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं।



हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।



### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कोरबा।** नालसा नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सत्येंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष, जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिव श्रीमती शीतल निकुंज ने आम नागरिकों से अपील की है कि न्यायालय में संस्थित अपने सिविल, क्रिमिनल, मोटर दुर्घटना, बैंक संबंधी मामले, निगम से संबंधित जल कर, भू-कर, मकान कर, बिजली से संबंधित मामले, दूर संचार विभाग से संबंधित मामले, विभिन्न आपराधिक प्रकरण एवं पारिवारिक विवाद जैसे समस्त मामले जो राजीनामा योग्य हो, उसमें न्यायालय पहुंचकर अपने मामले समझौता एवं सुलह के माध्यम से निराकरण कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 11 मई को नेशनल लोक अदालत के साथ ही जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया जा सकता है।

### पावर हाउस रोड में जाम से लोग हलाकान



**कोरबा।** शहर में अब जाम की समस्या आम हो गई है। इस मार्ग से गुजरने वाले अधिकांश चालक बार-बार जाम में फंस रहे हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में यातायात की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी। इसे लेकर लोग परेशान हैं। जाम से बचने के लिए पावर हाउस रोड की ओर जाने से बच रहे हैं। इसका असर पावर हाउस रोड के कारोबार पर पड़ रहा है। जाम में बस, सिटी बस, ऑटो, चार पहिया, दो पहिया सहित अन्य जाम में फंस रहे हैं। जाम से निकलने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। वहीं दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। गर्मी में जाम से लोगों की परेशानी और बढ़ रही है।

### लावारिस हालत में मिली बाइक जांच में जुटी पुलिस



**कोरबा।** दीपका थाना अंतर्गत प्रगति नगर स्टेडियम के पीछे बेलटेकरी बसाहट जाने वाले मार्ग में बनी नाली में असामाजिक तत्वों ने अज्ञात मोटरसाइकिल को डाल दिया है। घटना की सूचना राहगीरों ने डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी है। मोटर साइकिल संभवतः चोरी की हो सकती है। सूचना पर पुलिस द्वारा वाहन मालिक की जानकारी जुटाई जा रही।

### छात्राओं ने रंगोली बना राष्ट्रहित में वोट करने अपील की

**कोरबा।** कमला नेहरू कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके बाद मतदाताओं को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। स्वीप प्रभारी ज्योति दीवान के नेतृत्व में ईएलसी क्लब के सदस्य और छात्रों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रंगोली बनाकर मतदाताओं को राष्ट्र हित में वोट करने अपील की। नारा लेखन स्पर्धा में कॉलेज की विनीता पटेल प्रथम, दूसरे स्थान पर प्रतीक यादव, रंगोली प्रतियोगिता में सुभा महंत प्रथम, दूसरे स्थान पर ममता बंजारे, पोस्टर प्रतियोगिता में विनीता पटेल प्रथम, दूसरे स्थान पर गीता रहीं। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्पर्धाओं में छात्रों के बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने सराहा। सेजेस स्कूल गोपालपुर में छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर वोटरों को मतदान करने संकल्प दिलाया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विभाग नहीं ले रहा ...

चौहान इन वन्य प्राणियों की सुध लेने की दिशा पर भी कोई पहल नहीं कर रहे हैं। बीते वर्ष भी कुछ हाल ऐसा ही था और लगातार इन वन्य प्राणियों की बीते वर्ष भी मौत हुई थी। उस वर्ष भी इन वन्य प्राणियों की सुध लेने व उनके कुनबे को बचाने की दिशा पर बड़ी-बड़ी बातें विभाग व जिम्मेदार रेंज अफसर राजेश चौहान द्वारा की गई थी लेकिन रेंजर साहब के सारे दावे खोखले नजर आ रहे हैं। इस वर्ष भी इन वन्य प्राणियों की लगातार मौत हो रही है। यदि यही हाल रहा तो जिम्मेदार वन विभाग के अफसर इन वन्य प्राणियों की सुध नहीं लेंगे तो निश्चित तौर पर आने वाले वर्षों में इनके कुनबे को इस इलाके से बचा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है क्योंकि हर साल चार से पांच चीतल सहित अन्य वन प्राणियों की मौत हो रही है। अब देखना है कि करतला रेंजर इस इलाके में बसने वाले इन वन्य प्राणियों को बचाने की दिशा पर कोई ठोस पहल करते हैं या फिर इसी तरह इन वन प्राणियों की मौत होती रहेगी।

## शहर से गांव तक रामधुन से गूंजते रहे मंदिर

# रामनवमी पर अंचल में निकली भव्य शोभायात्रा





शहर में गायत्री मंदिर से कर्मा नृत्य के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवं शोभायात्रा में झूमते गाते श्रद्धालुगण तथा राम दरबार में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम जन्मोत्सव पर बुधवार को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह जगह भव्य शोभायात्रा निकाली गई। झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भगवान राम के बालरुप से लेकर उनके लंका विजय तक के रुप नजर आ रहे थे। गाजेबाजे के साथ निकली शोभायात्रा में रामधुन के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल थे।

गायत्री मंदिर से चैत्र नवरात्रि के समापन दिन रामनवमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व अन्य संगठनों के द्वारा पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा की शुरुआत हुई। जो सीतामणी रामजानकी मंदिर में आरती पश्चात समाप्त हुई। शाम 6 बजे सीएसईबी चौक गायत्री मंदिर से निकली शोभायात्रा टीपी नगर मार्ग से होते हुए सोनालिया चौक पावर हाउस रोड, पुराना बस स्टैंड का भ्रमण करते हुए, सीतामणी रामजानकी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए शरबत का वितरण विभिन्न संगठनों के द्वारा किया गया था। शहर के अलाव दर्री, बालको व कटघोरा में भी शोभायात्रा निकाली गई है। शहर के राम दरबार में रामनवमी के अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम 7 बजे श्रीराम की आरती के बाद भजन संध्या कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें शहर के गायकों ने अपने अपने राम भजन को प्रस्तुत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रामदरबार शहरवासी मौजूद थे। रामदरबार के साथ साथ रामजानकी मंदिर बुधवारी में भी रामनवमी मनाई गई।

### श्रीमद्भागवत भागवत कथा का विश्राम

हरदीबाजार पुरानी बस्ती माता चौरा के पास 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसका विश्राम बुधवार को रामनवमीं के अवसर पर सहस्त्रधारा पूर्णाहुति पं.सुमीत महराज के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर दौरान बद्री प्रसाद राठौर, श्रीमती प्रेमबाई राठौर, यजमान उमेश राठौर, रमा राठौर, लोकेश राठौर, पुष्पा रानी राठौर, सुरेश राठौर, देवेंद्र राठौर, बाबा राठौर, रवि राठौर, आशा, बबीता, रघुनाथ, रोहित, रविन्द्र, प्रदीप सहित अन्य उपस्थित रहे।



### मनोकामना ज्योति कलश का किया गया विसर्जन



नवरात्रि पर्व की अंतिम दिवस पर माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर मंदिर से सैकड़ों मनोकामनाएं ज्योति कलश को पहाड़ी ऊपर से हसदेव नदी झीका एवं कोरबा चांपा रोड सोन नदी नीचे मन्दिर के पास विसजर्न के लिए गोधुलि बेला में निकालकर उतारा गया। नवरात्रि पर्व शांति रूप से संपन्न हुए माँ मड़वारानी सेवा समिति झीका महोरा कलमी पेड़ एवं माँ मड़वारानी जन कल्याण समिति मड़वारानी समितियों ने शांति पूर्वक संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया गया। अंतिम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए।

### सहस्त्रधारा के साथ श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का विश्राम



तुलसी वर्षा, 9 कन्या (देवी) पूजन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा के साथ सिंचाई कॉलोनी बरपाली स्थित मां मड़वारानी मंदिर प्रांगण में आयोजित चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में दीपका निवासी शिवम जायसवाल द्वारा आयोजित श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ का बुधवार को समापन हो गया।

तिलकेजा से पधारे कथाव्यास आचार्य आचार्य (पंडित) नूतन कुमार पाण्डेय ने सिंचाई कॉलोनी बरपाली स्थित मां मड़वारानी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में दीपका निवासी शिवम जायसवाल द्वारा उत्तम स्वास्थ्य शिक्षा निमित्त आयोजित श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ का बेहद प्रभावपूर्ण तरीके से श्रोताओं को श्रवण कराया। नवमीं को कथाव्यास नूतन कुमार पांडेय के सहयोगी आचार्यगणों भूपेंद्र कुमार पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, विनायक पाण्डेय ने तुलसी वर्षा, 9 कन्या (देवी) पूजन, कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। 9 कन्या (देवी) पूजन में मां दुर्गा की 9 शक्तियों के स्वरूप में पधारीं बाल माताओं का नयनाभिराम स्वरूप देखते ही बन रहा था। प्रमुख यजमान शिवम जायसवाल ने अपनी माता के साथ कन्या पूजन एवं कपिला तर्पण पूजा कर अपना जीवन धन्य बनाया। समस्त सिंचाई कालोनी बरपाली एवं बरपाली बस्तीवासियों ने 9 दिनों तक संगीतमय श्रीमद देवी भागवत मूल पाठ ज्ञान यज्ञ का उत्साहपूर्वक कथाश्रवण किया। अंतिम दिन सहस्त्रधारा उपरांत माता का भोग ग्रहण किया।

### श्री सच्चिदानंद शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



**कोरबा।** वार्ड नंबर 17 पथर्रीपारा क्षेत्र अंतर्गत श्री सच्चिदानंद शिव साई मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। उक्त कलश यात्रा मुख्य गणेश पूजा पंडाल होते हुए गायत्री मंदिर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कॉलोनी कोरबा से शिव मंदिर विद्युत गृह स्कूल होते हुए पुनः नवनिर्मित मंदिर प्रांगण पथरीपारा पहुंचा, जहां सैकड़ों के तादाद में कलश यात्रा में उपस्थित महिलाओं को जलेश्वर प्रसाद एवं देवकी श्रीवास के द्वारा बनाए गए भोग भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही उक्त कलश यात्रा को सफल बनाने में मुख्य रूप से अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े एवं वरिष्ठ समाजसेविक दास वैष्णव, मैनेजर दास, श्रीमती अमरिका साहू के साथ ही मोहल्लेवासियों का सराहनीय योगदान रहा। बुधवार को श्री सच्चिदानंद शिव साइन मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भगवान शिव व साई जी का प्रसाद के स्वरूप भव्य भंडारा आयोजन किया गया, जिसमें हजारों के तादाद में कॉलोनी वासी उपस्थित होकर उक्त भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### सप्तदेव मंदिर प्रांगण में प्रसाद का किया गया वितरण

**हरदीबाजार।** राम नवमीं के उपलक्ष्य में भारत सनातन सेवा संघ समिति हरदीबाजार के द्वारा सप्तदेव मंदिर प्रांगण में प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद लेने वाले लोगों में काफी उत्साह दिखा। वहीं सौघ के द्वारा मां आदिशक्ति मां जगत जननी मां दुर्गा की पूजा आरती किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान संघ के संरक्षक विरेंद्र पटेल, कार्यावाहक आदित्य राठौर, ग्राम प्रमुख आदित्य जायसवाल, सहायक रवि राठौर, सदस्य अक्षत राठौर, विशाल राठौर, राहुल यादव, रोहित यादव, आदित्य पटेल, निखिल सोनी, देवा पटेल, घनश्याम श्रीवास, आदित्य सिंह, ओम यादव, हर्ष राज, शिवा राठौर, प्रांजल कुमार श्रीवास, युवराज सिंह, मुकेश देवांगन, आर्य जीत, शिवा, सुरेंद्र पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



पाली। श्रीराम नवमी पर पाली में निकली गई शोभायात्रा।

# भाकपा ने मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती कुसमुंडा (एटक) कार्यालय में मनाई गई, जिसमें संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया। जिसके पश्चात पार्टी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला सचिव एमएल रजक द्वारा किया गया। जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि आज 14 अप्रैल को पूरे देश में अंबेडकर जयंती मनाया जा रहा है, भारत की स्वतंत्रता के बाद देश के संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान थे। उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। वे एक महान चिंतक,समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्त, संपादक पत्रकार थे। डॉ.अंबेडकर मजदूर एकता की हामी थे। वे शोषण और अन्याय से मजदूरों की मुक्ति चाहते थे सारे समाज में समता, समानता और भाईचारे की भावना देखना चाहते थे वे औरतों की समता, समानता और विकास के सबसे बड़े हामी थे।

### भृत्य, फर्राश एवं अन्य पदों पर मंगाए गए आवेदन

**कोरबा।** जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा की स्थापना द्वारा भृत्य, फर्राश एवं दफ्तरी कम फर्राश तथा आकस्मिता निधि चौकीदार, वॉटर मैन एवं स्वीपर के रिक्त पदों पर छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना भर्ती एवं सेवा शर्तें कर्मचारी नियम 2023 के प्रावधानों के अनुसार विज्ञापन की शर्तें एवं चयन प्रक्रिया को संशोधित किया गया है तथा पूर्व में प्रस्तुत सभी आवेदन को वैध मानते हुए 24 अप्रैल तक वंचित उम्मीदवारों को आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला न्यायालय कोरबा के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# पाली थाना क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर लगाए गए जागरूकता फ्लेक्स



पाली रोड में फ्लैक्स लगाकर जागरुक करते पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार यातायात जागरूकता लाने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने सजग कोरबा अभियान विगत दिनों प्रारंभ हुआ था, किंतु अब यह अभियान पूरे जिले में जोर पकड़ चुका है और इस अभियान में सिर्फ पुलिस कर्मी ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जैसे जनपद सदस्य, सरपंच भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत 16 अप्रैल को पाली पुलिस ने कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में पाली थाना क्षेत्र में अभियान चलाया और क्षेत्र के 7 स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित कर वहां यातायात जागरूकता संबंधित बैनर पोस्टर लगाए ताकि वाहन चालक सतर्क रहे। पाली क्षेत्र में मूनगाडीह, रंगोले चौक,पाली रोड,डूमर कछार गाजर नाला, कपोट चौक सहित चेपा चौक को ब्लैक स्पॉट बनाया गया है। पुलिस ने सभी से अपील किया कि खुद भी जागरूक बने और अपने आप पास के लोगो को भी जागरूक करें। वही इस संबंध में पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने बताया कि यह अभियान राहगीरों और वाहन चालकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, लोग गलत दिशा में वाहन ना चलाएं, शराब पीकर वाहन ना चलाए, सीट बेल्ट का उपयोग करें, हेलमेट का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें तभी सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी।

# मुद्दों की नहीं, अनर्गल बातों से जनता का ध्यान भटका रहे : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा है कि भाजपा के लोग मुद्दों की बात नहीं करते बल्कि अनर्गल बातें बोलकर जनता का ध्यान भटका रहे हैं। जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली है और इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनना तय है, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भाजपा की सरकार ने कुछ नहीं किया।

ज्योत्सना महंत ने कोरबा संसदीय क्षेत्र में सघन जनसंपर्क के दौरान गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र की प्रमुख बातों को विस्तार के साथ लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मसम्मान से जीने के लिए बराबरी का अधिकार के साथ-साथ हर महिने 8 हजार 333 रुपए 1 लाख सालाना कांग्रेस की सरकार देगी। सांसद ने कहा कि भाजपा के लोग मुद्दों की बात नहीं करते बल्कि लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। भाजपा की 10 साल से केन्द्र में सरकार है, लेकिन कभी भी कोरबा के विकास पर ध्यान नहीं दिया। आज कोरबा में राखड़ की समस्या से लोग परेशान हैं। पीने के पानी की समस्या बढ़ गई है। रेलवे से कोयला का लदान तो हो रहा है लेकिन यात्री ट्रेनों को 9-9 घंटे लेट किया जा रहा है।

# भाजपा विकास के लिए जानी जाती है और कांग्रेस घोटाले के लिए: लखनलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा मंडल के तीन वार्डों में नुक्कड़ सभा में आम जनमानस को संबोधित किया। शारदा विहार अटल आवास में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा विकास के लिए जानी जाती है और कांग्रेस घोटाले के लिए।

उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कोरबा शहर के लिए एक बड़ी योजना स्वीकृत की है। महानगरों की तर्ज पर कोरबा शहर के हर घर में अब एलपीजी गैस की आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिया जाएगा। नागपुर से झारसुगड़ा तक पाइपलाइन का काम अंतिम चरण पर है, चांपा से कोरबा तक लाईन बिछेगी फिर कोरबा में सिटी गैस नेटवर्क का जाल बिछाया जाएगा। आने वाले 2 साल में यह काम पूरा हो जायगा। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज 10 साल से निगम में कांग्रेस की सत्ता है। इन 10 साल में निगम ने एक वार्ड को संवारने का काम नहीं किया। हर वार्ड में समस्या अपार है, अटल आवासों की मरम्मत करने के लिए लोग कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन कभी सुध नहीं ली गई।

### नहर में बहा युवक अब तक नहीं मिला सुराग

**कोरबा।** राताखार नहर के पास बह गए युवक का पता नहीं चल सका है। युवक मंगलवार को नहाते समय पानी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। राताखार बस्ती में मूलतः झारखंड निवासी मजदूर शमशाद अली 26 वर्ष किराए में रहता था। शमशाद सोमवार को नहाने के लिए राताखार नहर में गया था जहां पानी का बहाव तेज होने के कारण शमशाद अली पानी में बह गया। आसपास नहर में मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर नहर में गोताखोरों को उतारा, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। इसके बाद नहर का पानी कम करवाकर भी लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### एक दिवसीय वैलनेस इवेल्यूशन कैंप का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार अंबेडकर चौक में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर कैंप लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय जनपद सदस्य अनिल टंडन ने अपना चेकअप करा कर किया। स्वास्थ्य सक्रिय जीवन शैली आज की बिगड़ते स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। स्थानीय लोग को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ता हुआ वजन शरीर के लिए घातक है। अच्छे खान-पान और जीवन शैली को कैसे सुधार सकते हैं इसके बारे में बताया। इसकी पूरी जानकारी देते हुए स्थानी लोगों को बॉडी स्कैन किया गया। अनिल टंडन के मार्गदर्शन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेशनल कोच शिव कुमार साहू, पूनम साहू, श्यामलाल वैष्णव, संजय वैष्णव, ग्रामीण धनाराम चंद्राकर, संतोष राम, शंकर राठौर, बुधवार डहरिया सहित अन्य लोगों ने अपना बॉडी चैकअप कराया।

### कर्मकारों को आग से निपटने के सिखाए गए गुर



**कोरबा।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के अग्निशमन संरक्षा विभाग के तत्वावधान में अग्निशामक यंत्रों की आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन कर उनके प्रचालन संबंधी डिमॉन्सट्रेशन प्रदान किया गया। जिसके उपरांत फायर इंसीडेंस की स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन करते हुए आग से क्षतिग्रस्त कैजुअल्टी को रेस्क्यू कर एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित चिकित्सालय पहुंचाया गया। इसी अनुक्रम में संयंत्र की कोल हस्तांतरण शाखा (बाह्य) के मोटर कन्ट्रोल कक्ष क्र. 11 व 1 एंड 500 मेगावॉट इकाई के ऐश हैंडलिंग प्लांट में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेका कर्मियों को सहायक अग्निशमन अधिकारी जीपी पनरिया व उप अग्निशमन अधिकारी जीपी कैथवास के नेतृत्व में फायर एस्टिंग्विशर के सुरक्षित प्रयोग की विधि से अवगत कराया गया।

### युवक गश खाकर गिरा अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत

**कोरबा।** एक 18 वर्षीय युवक की घर में अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद ही युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरहीडीह निवासी लखन कुमार 18 वर्ष पिता स्वर्गीय नंदेश्वर मंगलवार की देर शाम तालाब नहाने गया हुआ था। जहां से तालाब में नहाने के बाद जब लखन घर पहुंचा तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह गश खाकर सीधे जमीन पर गिर पड़ा। लखन को नीचे जमीन पर गिरा देख परिजनों के होश उड़ गए और आनन-फानन में उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान रात लगभग 9 बजे उसकी मौत हो गई। लखन की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### रेलवे ट्रैक में मिली लाश निकली रायगढ़ के युवक की

**कोरब।** कोरबा-चांपा मार्ग के मड़वारानी रेलवे ट्रैक में 13 अप्रैल को एक 48 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश मिली थी। जिसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने मृतक के शव को मर्च्युरी में रखवाया और पहचान के लिये मीडिया के माध्यम से फोटो वायरल किया। जिसके बाद मंगलवार को मृतक की पहचान राकेश शर्मा उर्फ पप्पू पिता स्व. गिरधर गोपाल शर्मा निवासी लालटंकी रायगढ़ के रूप में की गयी।

## कामर्स और आर्ट्स फैकल्टी से शुरू हुए कॉलेज को भवन भी नसीब नहीं

# चार साल बाद भी जटगा कॉलेज में नहीं शुरु हो सकी साइंस फैकल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में उच्च शिक्षा के विस्तार हेतु लगातार महाविद्यालय खोले जा रहे हैं लेकिन उनमें फैकल्टी को लेकर अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में शुरु हुए जटगा कॉलेज में चार साल बाद भी साइंस के फैकल्टी शुरु नहीं हो सकी है। समूचे क्षेत्र में चलने वाले हाई स्कूल से साइंस विषय के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राएं प्रवेश नहीं ले रहे हैं।

**खास बात**

- भवन का निर्माण जमीन नहीं मिलने से अटका

महाविद्यालयीन सुविधाओं की दरकार भले ही अब जिले के ग्रामीण अंचलों से लगभग दूर हो गई है। किंतु उनमें फैकल्टी का न होना एक बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रही है। साइंस विषय के छात्रों को इस मामले में दिक्कते उठानी पड़ रही है। राज्य शासन की ओर से जटगा, करतला, पाली जैसे विकासखंड मुख्यालय में महाविद्यालय तो संचालित कर दिए हैं लेकिन वहां फैकल्टी को लेकर अभी भी सरकार के द्वारा कोई नीतिगत निर्णय नहीं लिए जाने से महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को महाविद्यालयीन सुविधाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। जटगा महाविद्यालय ऐसा ही एक महाविद्यालय है जिसकी शुरुआत चार वर्ष पूर्व की गई थी। भवन न होने के कारण महाविद्यालय का संचालन क्षेत्र के ही हाईस्कूल भवन में किया जा रहा है। वाणिज्य, साइंस और कला संकाय से शुरु हुए इस कॉलेज में लगभग 87 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं जिनमें छात्रों की संख्या अधिक बताई गई है। कला और वाणिज्य संकाय लेकर हाई सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा पास करने वाले छात्र छात्राओं को महाविद्यालय की सुविधाएं तो मिल रही है किंतु विज्ञान संकाय लेकर 12वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राएं महाविद्यालय में सुविधाएं नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं ले रहे हैं। साइंस के छात्रों के लिए प्रयोगशाला का आवश्यक है जो स्वयं के भवन नहीं होने के कारण संचालन नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि विज्ञान विषय से 12 वीं पास करने वाले छात्र छात्राएं कटघोरा या कोरबा आना सुविधाजनक समझते हैं।

**सर्वे के बाद शुरु होता है महाविद्यालय**

किसी भी क्षेत्र में महाविद्यालय शुरु करने के पूर्व सर्वे किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उक्त क्षेत्र में कितने हाई सेकेंडरी स्कूल संचालित है और वहां कितने छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। उसकी रिपोर्ट के बाद महाविद्यालय का संचालन शुरु होता है। जटगा महाविद्यालय शुरु करने के पूर्व कटघोरा कॉलेज के प्राचार्य के साथ प्राध्यापकों की टीम ने सर्वे किया था और उसके बाद रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी थी। उक्त रिपोर्ट के आधार पर ही जटगा में महाविद्यालय का संचालन शुरु हो सका। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार जटगा के आसपास चलने वाले हाईस्कूल से जितने छात्र कला और वाणिज्य संकाय से निकलते हैं उतने ही विज्ञान संकाय से भी निकलते हैं।

**जल्दी मिल जाएगी जमीन**

जमीन की एलार्टमेंट की प्रक्रिया शुरु हो गई है उम्मीद है कि इस माह के अंत तक जमीन मिल जाएगी। वर्तमान में 87 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। साइंस में कोई छात्र अब तक नहीं आया है।
**-एमएम जोशी,** प्राचार्य कटघोरा महाविद्यालय

**जमीन का भी नहीं हो सका फैसला**

महाविद्यालय शुरु करने के बाद महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु जमीन आंबटन की प्रक्रिया शुरु करते हुए जमीन का चिन्हांकन का भी कार्य किया गया किंतु दो बार तय की गई जमीन किसी न किसी प्रशासनिक तकनीकी कारणों से आबंटित नहीं हो सकी। कभी वन भूमि तो कभी निजी भूमि जैसे विवाद सामने आते रहे। जिसकी वजह से जमीन का चिन्हांकन नहीं हो सका। यही कारण है कि भवन निर्माण की कार्ययोजना धरी की धरी रह गई।

## बेजुबान पशु पक्षियों के लिए वितरित किए पानी के पात्र



गर्मी में जानवरों को पानी उपलब्ध कराने दिए गए पात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी को देखते हुए मानव सेवा मिशन द्वारा बेजुबान पशु पक्षियों के लिए 15 पानी के पात्र वितरित किए गए। बालकोनगर के अलग अलग जगहों पर लोगों की स्वेच्छा से यह पानी पात्र रखे जा रहे हैं, ताकि समय समय पर इसमें पानी भरा जा सके और पशु पक्षियों को समय पर पानी मिल सके। भीषण गर्मी में जहां लोगों का घर से निकलना दुभर हो जाता है। ऐसे गर्मी में बेजुबान जानवरों को पानी के लिए भी दर दर भटकना पड़ता है, इन्हीं परिस्थियों को दृष्टिगत रखते हुए समाज सेवी संस्था मानव सेवा मिशन के द्वारा हर वर्ष पशु पक्षियों के लिए पानी पात्र का वितरण किया जाता है। मानव सेवा मिशन की टीम के द्वारा हर वर्ष अलग अलग मौसम के हिसाब से जरूरतमंदों की सेवा में कार्य किए जाते हैं। जैसे ठंड के दिनों में कंबल वितरण, बरसात में लोगों को छतरी एवं जरूरतमंद पहाड़ी कोरवा परिवारों को छत ढकने के लिए प्लास्टिक वितरण, जरूरतमंदों को सब्जी, भाजी के बीज, फलदार पौधा रोपण, गर्मी के दिनों में बेजुबान पशु पक्षियों के लिए पानी पात्र, गर्मी में पैर को जलने से बचाने के लिए छोटे स्कूली बच्चों को जूते चप्पल के वितरण के अलावा अनेक रूपों में सेवा कार्य पूरे साल भर चलाए जाते हैं। मानव सेवा मिशन के कार्यों में संस्थापक सदस्य केशव चन्द्रा, अमर पटेल, राजेश धीवर, दिनेश पृथ्वीकर, अशोक पटेल, योगेश पटेल, संजय विजयवर्गीय, कमलेश बोहरपी, मनोज सिंह, लिलेश्वर शर्मा, शैलेंद्र जायसवाल के अलावा महिला सदस्य माधुरी चन्द्रा, उमा सिंह पटेल, सुषमा सिंह, अल्का पृथ्वीकर, सरिता धीवर, पुष्पा चन्द्रा, वर्षा बोहरपी, सिमरन विजयवर्गीय, प्रभा पटेल की सक्रिय भूमिका रही।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया प्याऊ का शुभारंभ



**कोरबा।** जनहित एवं सामाजिक कार्यों की क्षेत्र की अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा इस भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए दर्री जमनीपाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अस्थाई प्याऊ का शुभारंभ छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि दर्री जमनीपाली मारवाड़ी युवा मंच की जिले में सेवा कार्यों के लिए एक अलग पहचान है एवं इसी प्रकार सदैव जनहित कार्य में अपनी महती भूमिका निभाती है। प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल ने कहा कि आगे भी विभिन्न जगहों पर जरूरत के हिसाब से अमृतधारा प्याऊ की व्यवस्था की जायेगी। निर्वृतमान अध्यक्ष राकेश गोयल एवं नवनियुक्त अध्यक्ष पारस अग्रवाल ने बताया कि मानव सेवा के साथ विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए मंच द्वारा कोटना की व्यवस्था भी की गई है। इस उद्घाटन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, निर्वृतमान शाखा अध्यक्ष राकेश गोयल, मंच के नवनियुक्त अध्यक्ष पारस अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, नवनियुक्त सचिव अक्षत अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष मधुर अग्रवाल, सदस्य सौरभ अग्रवाल सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दस माह से नहीं मिली पीडीएस दुकान संचालकों को कमीशन की राशि, बढ़ गई है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकान संचालकों को बीते 10 माह से कमीशन की राशि नहीं मिली है। इन दुकानदों को बीते वर्ष ही खाद्य विभाग के द्वारा शहर एवं ग्रामीण अंचलों में पीडीएस दुकान आबंटित की गई है। वहीं पुराने दुकानदारों को भी तीन माह से कमीशन राशि की दरकार बनी हुई है। लगातार प्रशासन को कमीशन राशि के संबंध में अवगत कराने के बावजूद उनके हाथ केवल आश्वासन ही मिला है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही कमीशन राशि के भुगतान की बात सामने आई है।

**खास बातें**

- दुकान का आबंटन होते ही सिर में आ गया कर्ज
- पुराने दुकानदारों को तीन माह से कमीशन राशि का इंतजार



फाइल फोटो

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में कुल 4 सौ पीडीएस दुकानें संचालित हैं जिनका संचालन स्व सहायता समूह और ग्राम पंचायत तथा आदिवासी सेवा सहकारी समिति के माध्यम से होता है। 4 सौ दुकानों में 60 दुकानें नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में संचालित हैं। राज्य शासन की नए सिरे से दुकान आबंटन की प्रक्रिया वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई थी। इसके लिए पंजीकृत स्व सहायता समूह व सहकारी उपभोक्ता भंडार समितियों से दुकान आबंटन हेतु आवेदन मंगाए गए थे। इनमें 10 स्व सहायता समूह चयनित हुए थे, जिन्हें पीडीएस दुकानें आबंटित कर दी गईं। जिनमें कुछ शहरी क्षेत्रों में थी व कुछ ग्रामीण अंचलों में। दुकान आबंटन के बाद नए पीडीएस दुकान संचालकों ने समूह के खाते में जमा पूंजी का उपयोग दुकान संचालकों के द्वारा कर दिया गया यह सोचकर कि एक माह बाद उनके खाते में कमीशन की राशि जारी कर दी जाएगी लेकिन आज 10 माह का लंबा अंतराल बीत चुका है विभाग से मिलने वाली कमीशन की राशि नहीं पहुंची है। जिसकी वजह से नए पीडीएस दुकान संचालकों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कमीशन की राशि नहीं मिलने का मामला केवल नए दुकान संचालकों का ही नहीं है, अपितु पुराने पीडीएस दुकान संचालक भी तीन माह से कमीशन राशि के लिए खाद्य विभाग का चक्कर काट रहे हैं।

**55 प्रतिशत मिलता है कमीशन**

पीडीएस दुकान संचालकों को शासन की ओर से 55 प्रतिशत की राशि बतौर कमीशन के रुप में मिलती है। इस राशि से ही दुकान संचालक अपना पूरा खर्च कर्मचारियों का वेतन जारी करते हैं। नए दुकान संचालकों के लिए यह एक कठिन कार्य हो गया है। पुराने दुकान संचालक किसी न किसी रुप से दुकान का संचालन तो कर रहे हैं किंतु 55 प्रतिशत की एक बड़ी राशि के आभाव में नए दुकान संचालकों की कमर टूट रही है। शासन के नियमानुसार हर खाद्य सामग्री में बिक्री की दर से कमीशन की राशि निर्धारित की गई है। नए राशन कार्ड बनने से खाद्य सामग्री की खपत बढ़ी है। जिसके लिए दुकान संचालकों को एक बड़ी राशि शासन के खाते में चालान के माध्यम से जमा कराई जाती है तब उन्हें खाद्य सामग्री का आबंटन होता है।

## युवक के कब्जे से 16 लीटर महुआ शराब व 50 किलो महुआ पास जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा नशीले पदार्थ का व्यापार करने वाले तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये हैं। इसी कड़ी में मानिकपुर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर सुभाष ब्लॉक निवासी आरोपी चंद्र प्रकाश टंडन उर्फ़ गोलू से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब व शराब बनाने के लिए रखे 50 किलोग्राम महुआ पास को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



## मकान में चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र धनुहार मोहल्ला ईमलीडुग्गू बाईपास रोड निवासी युवक रात में खाना खाकर अपने घर में सोया हुआ था। जब वह किसी काम से घर के दूसरे कमरे में अपने रात्रि 3 बजे गया तो देखा कि दूसरे कमरे का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो अटैची में रखे मेरे गहने सोने का माला 9 फर व 1 फर सोने का पत्ती डेड़ तोले का व 2 जोड़ी चांदी का पायल, बच्चे का चांदी का चुड़ा कुल लगभग 34 तोला चांदी को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### हादसे में वृद्ध की मौत

**कोरबा।** बालको थाना ग्राम बेला निवासी बंधन सिंह 15 अप्रैल की रात्रि लगभग 9 बजे कुछ दूर में सडक किनारे बैठे था उसी समय गांव का सहेत्तर मंझवार पिता नोहर सिंह मंझवार के द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएम 5435 को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन को विपरीत दिशा से चलाते हुए बंधन सिंह को ठोकर मार दिया। जिससे बंधन सिंह को गंभीर चोट आई थी। उसे ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था।।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाटिकरा निवासी चित्रपाल सिंह 33 वर्ष पिता गजरू सिंह ने बुधवार की सुबह अपने घर के समीप एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है कि मृतक चित्रपाल सिंह कंवर बीमारी से ग्रसित था संभवतः इसी की चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

***पाली।** नगर पंचायत पाली अंतर्गत अटल चौक का सौन्दर्यीकरण कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंदा बंटू ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के जयन्ती पर प्रतिमा स्थापित की जाएगी।




## प्रत्येक रैक लगभग 120 ट्रकों की आवश्यकता को करेगा पूरा

# बालको के रेलवे रैक से सस्टेनेबिलिटी एवं उत्कृष्ट उत्पादन को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने अपने प्रचालन में पहला बोगी ओपन बॉटम रैपिड डिस्चार्ज न्यूमेटिक हाई स्पीड मॉडल-2 बीओबी आरएनएच एस एम2 रेलवे रैक शामिल किया है। कच्चे माल की खरीद के लिए यह उत्कृष्ट आपूर्ति श्रृंखला एवं सस्टेनेबिलिटी को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल के माध्यम से कोयले की आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाने वाले इस स्ट्रेजिक निर्णय से प्रचालन की दक्षता में वृद्धि होगी। प्रत्येक रैक लगभग 120 ट्रकों की आवश्यकता को पूरा करेगा।

भारतीय रेलवे द्वारा प्रस्तावित सामान्य प्रयोजन वैगन निवेश योजना (जीपीडब्ल्यूआईएस) के अंतर्गत शुरू की गई। इस पहल का उद्देश्य कोयला संसाधनों के वितरण को सुव्यवस्थित करना है, जो लॉजिस्टिक लागत में कमी के साथ घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीओबीआरएन वैगन में बॉटम डिस्चार्ज दरवाजे हैं जो जल्दी एवं कम समय की लागत में अनलोडिंग प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करते हैं। यह कच्चे माल प्राप्त करने के लिए औसत रोटेशन चक्र को सुचारू बनाने में मदद करता है जो बालको



जैसे प्रमुख इंडस्ट्री ऑपरेशन के प्रक्रिया को सस्टेनेबल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सड़क परिवहन की तुलना में रेल परिवहन कई फायदे हैं। रेलवे की विशाल भार क्षमता ने सड़क नेटवर्क की निर्भरता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के बोझ को कम किया है जिससे सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में वृद्धि हुई है। यह सामग्री की आवाजाही से जुड़े कार्बन फुटप्रिंट को कम करके इंडस्ट्री ऑपरेशन को अधिक सस्टेनेबल बनाने में मदद करता है, जिससे सस्टेनेबिलिटी प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। इनोवेशन सॉल्यूशन को अपनाने पर बोलते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको बेहतर व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए अग्रणी तकनीक और हरित समाधानों का उपयोग करने के लिए कटिबद्ध है।

कंपनी में बीओबी आरएनएच एसएम2 रैक की शुरूआत सस्टेनेबल दृष्टिकोण को दर्शाता है। संयंत्र के भीतर और बाहर प्रचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए हमारे सभी प्रयास सेफ्टी और सस्टेनेबिलिटी प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं। यह कदम सुरक्षित प्रचालन संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ हमें ऐसे भविष्य की ओर भी प्रेरित करता है जहां सस्टेनेबिलिटी हमारे व्यवसाय के हर पहलू में अंतर्निहित है। कंपनी ने डिजिटल नवाचार में विभिन्न पहल की शुरू किये हैं जैसे फिनिश्ड गुड्स कंट्रोल टॉवर जिसमें 24X7 लाइव मॉनिटरिंग डैशबोर्ड शामिल है जो रियल टाइम जीपीएस ट्रैकिंग और स्पीड मॉनिटरिंग प्रदान कर पूरे 24 घंटे बिना रूकावट संचालन सुनिश्चित हुई है। रेलवे यार्डों में केंद्रीकृत सीसीटीवी निगरानी के कार्यान्वयन से सुरक्षा और निगरानी क्षमताओं में वृद्धि हुई है।

